रांची, सोमवार, 27 जुलाई 2015

सन्मार्ग

मुख्य न्यायाधीश पहुंचे हजारीबाग

केंद्रीय कारा का किया निरीक्षण

महिला बंदियों से मिले

आजीवन सजा भुगत रहे बंदियों ने सौंपा ज्ञापन

जेल की व्यवस्था देख खुश हुए मुख्य न्यायाधीश किया पौधरोपण

संवाददाता

रांची/हजारीबाग : झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायधीश वीरेंद्र सिंह रविवार को हजारीबाग पहूंचे। उन्होंने हजारीबाग के एतिहासिक जय प्रकाष नारायण केंद्रीय कारा का निरीक्षण किया। कारा में लगभग दो घंटें तक वे रहे और बारीकी से एक-एक चीज को देखा, समझा और आवश्यक निर्देश दिया। श्री सिंह ने अंग्रेजों के समय बनाए गए इस कारा की बेहतर व्यवस्था की चर्चा करते हुए जेल प्रशासन की प्रशंसा की। अंदर उन्होंने सबसे पहले महिला बंदियों से मिलकर उनकी समस्याओं को जाना। न्यायधीश श्री सिंह ने आजीवन सजा काट कर रहे कैदियों से भी मुलाकात की इन बंदियों ने न्यायधीश को एक ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि सजा की अवधि पूरी होने के बावजूद अभी तक रिहा नहीं किये गये। लोगों को रिहा किया जाय। न्यायधीश ने उन्हें बताया कि इस संबंध में उच्चतम न्यायालय से नया गाईड लाईन आया है, जिसे जल्द धरातल पर उतारकर सभी को रिहा किया जाएगा। पत्नी के साथ आए प्रधान न्यायधीश वीरेंद्र सिंह ने जय प्रकाष नारायण केंद्रीय कारा के अंदर जेपी कक्ष सहित अन्य ऐतिहासिक स्थलों को भी देखा। बंदियों के पुनर्वास हेतु चलाए जा रहे औद्योगिक प्रषिक्षण केंद्र, हस्तकरघा सहित जेल के रसोई का भी उन्होंने निरीक्षण किया। व्यवस्था दुरूस्त देख उन्होंने जेल प्रशासन को शाबासी दी और उम्मीद जताई की आगे भी यह कारा एक दूसरों के लिए एक मिसाल कायम करता रहेगा। करीब दो घंटा के बाद जब वे बाहर निकले तो निषानी के तौर पर कारा परिसर में आवला के पौधे का रोपण किया। इस मौके पर न्यायमूर्ति आरआर प्रसाद, पी पटनायक, प्रशांत कुमार, जिला जज विष्णुकांत सहाय, डीसी मुकेश कुमार, एसपी अखिलेश झा, जेल अधीक्षक, डा. रूपम, झालसा के संतोष कुमार प्रसाद सहित पारा बोलेटीयर्स प्रकाश सिन्हा सहित कई लोग उपस्थित थे।

बार एसोसिएशन के साथ मुख्य न्यायाधीश ने की बैठक

वाहन पड़ाव व लंबित मामलों के निष्पादन पर हुई चर्चा

संवाददाता

रांची/हजारीबाग : झारखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश वीरेंद्र सिंह, न्यायधीश आरआर प्रसाद, पी पटनायक और प्रशांत कुमार के साथ हजारीबाग बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों की बैठक 26 जुलाई को परिसदन भवन में हुई। बैठक में मुख्य न्यायधीश ने एसोसिएशन के सदस्यों से पुराने लंबित वादों के निष्पादन में सहयोग करने की बात कही। एसोसिएशन की ओर से बताया गया कि न्यायपालिका को सहयोग करने के अपने गौरवपूर्ण परम्परा को वर्तमान सदस्य आगे भी जारे रखेंगे। अधिवक्ताओं की ओर से वाहन वड़ाव की समस्या को मख्य न्यायधीश के समक्ष रखा गया जिसपर उन्होंने उपायुक्त को न्यायालय परिसर में जल्द से जल्द वाहन पड़ाव की व्यवस्था करने का निर्देष दिया। इस बैठक में विशेष न्यायालय की व्यवस्था सहित कुछ अन्य बिन्दुओं पर भी चर्चा हुई। श्री सिंह ने इस संबंध में विस्तार से रांची में वार्ता आयोजित किये जाने का आष्वासन दिया। बार एसोसिएशन की तरफ से दिये गये भोजन के न्योते को भी उन्होंने स्वीकार किया। बैठक में एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष विक्रम सेन, उपाध्यक्ष मिथिलेष कुमार मन्ने, सचिव राजकुमार राजू, एसपी सिंह जवाहर प्रसाद, शशिकांत ओझा, नीलम सिन्हा, कविता मिश्रा, शंकर बनर्जी, राजेंद्र प्रसाद सिंह ने भाग लिया।